जारी 12/1/15

प्रेषक,

ई–मेल द्वारा

**निदेशक / एस.एल.एन.ए.**
नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश
8 वॉ तल, इन्दिरा भवन
लखनऊ।

**सेवा में,**

**(1)समस्त नगर आयुक्त**
नगर निगम,
उत्तर प्रदेश।

**(2) समस्त अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत,
उत्तर प्रदेश (द्वारा जिलाधिकारी)।

**पत्रांकः** पी.एम.यू. /1310 / 412 / एस.बी.एम. / 2015 दिनांक 12 जनवरी, 2015

**विषयः** **"स्वच्छ भारत मिशन" कार्यक्रम** के अन्तर्गत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में **सालिड वेस्ट मैनेजमेंट** सम्बंधी **"कार्य योजना"** के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या पी.एम.यू. / 1305 / 412 / एस.बी.एम. / 2015 दिनांक 8.1.2015 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के साथ संलग्न सचिव, शहरी विकास मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या क्यू–15014 / 2 / 2009–सी.पी.एच.ई.ई.ओ. दिनांक 7.11.2014 एवं तत्क्रम में शासन के पत्र संख्या 345जीआई / नौ–5–2014–411सा / 14 दिनांक 1.1.2015 द्वारा "स्वच्छ भारत मिशन" कार्यक्रम के स्वरूप एवं इसके परिप्रेक्ष्य में सभी नगरीय निकायों से अपेक्षित कार्यवाही से अवगत कराते हुए शहरी विकास मन्त्रालय, भारत सरकार की अपेक्षानुसार प्रश्नगत कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के प्रस्तावों के परिप्रेक्ष्य में **"कान्सेप्ट नोट"** तैयार किये जाने हेतु शौचालयों के सम्बंध में वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्रारूप आपको प्रेषित किया गया है।

उपरोक्त के तारतम्य में उपर्युक्त **"कान्सेप्ट नोट"** हेतु **सालिड वेस्ट मैनेजमेंट** (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) के सम्बंध में भी **संलग्न प्रारूप** पर सूचना अत्यन्त आवश्यक है। अतः संलग्न प्रारूप पर वांछित सूचना इस निदेशालय को ई–मेल के पते diruplb2012@gmail.com पर एवं महाप्रबन्धक (नि–8 / मुख्यालय), सी. एण्ड डी. एस., उ. प्र. जल निगम, लखनऊ को ई–मेल के पते gmcdslko@gmail.com पर दिनांक **19.1.2015** तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः** उक्तवत।

भवदीय

(पी. के. सिंह)
निदेशक / एस.एल.एन.ए.

o/c 12/1/15

पृ. सं. एवं दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि संलग्नक सहित –

1– सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को शासन के उपरोक्त पत्र दिनांक 1.1.2015 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

2– निदेशक, सी. एण्ड डी. एस., उ. प्र. जल निगम, लखनऊ को महाप्रबन्धक (नि–8 / मुख्यालय), सी. एण्ड डी. एस., उ. प्र. जल निगम, लखनऊ के पत्र संख्या 10 / म.प्र.नि. –8 / जी–8–07 / 02 दिनांक 9.1.15 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

FAA

**3**– सहायक निदेशक(लेखा), नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**4**– महाप्रबन्धक (नि–8 / मुख्यालय), सी. एण्ड डी. एस., उ. प्र. जल निगम, लखनऊ को कृपया अपने स्तर से भी सूचना का एकत्रिकरण कराने का कष्ट करें।

**5**– टीम लीडर(पी.एम.यू.) / टीम लीडर(आर.पी.एम.सी.), नगरीय निकाय निदेशालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**6**– श्री अमरेश सिंह चौहान, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ को वांछित सूचनाएं संलग्न प्रारूप पर संकलित कर टीम लीडर(पी.एम.यू.) को उपलब्ध कराने हेतु।

**7**– जूनियर प्रोग्रामर, निदेशालय को इस पत्र को संलग्नक सहित निदेशालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

**(पी. के. सिंह)**
निदेशक / एस.एल.एन.ए.

**"स्वच्छ भारत मिशन" कार्यकम** के अन्तर्गत प्रदेश के **शहरी क्षेत्रों** में नगरीय निकाय निदेशालय द्वारा **"कान्सेप्ट नोट"** तैयार किये जाने हेतु समस्त नागर निकायों से **सालिड वेस्ट मैनेजमेंट** (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) से सम्बंधित **वांछित सूचना** का **प्रारूप**

| नागर निकाय का नाम | जनपद का नाम | वार्डो की संख्या | नगर का क्षेत्रफल (वर्ग किलो मीटर) | उत्सर्जित अपशिष्ट की दैनिक मात्रा (टन प्रति दिन) | एकत्र किये जाने वाले अपशिष्ट की दैनिक मात्रा (टन प्रति दिन) | अपशिष्ट एकत्रीकरण का प्रकार | | टिप्पणी / अन्य विवरण जिनका उल्लेख करना चाहें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | डोर–टू–डोर (टन प्रति दिन) | डस्ट बिन्स के माध्यम से (टन प्रति दिन) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

अधिकृत प्राधिकारी /अधिशासी अधिकारी
का नाम व हस्ताक्षर, दिनांक सहित